दिल्ली में पकड़ी गई तस्करी की वस्तुएं

4344. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पाच महीनो मे दिल्ली मे बरामद की गई तस्करी की वस्तुओ की भारतीय मुद्रा मे कितनी कीमत है ,

(ख) इस सम्बन्ध मे गिरफ्तार किये गये व्यक्तियो की सख्या क्या है , और

(ग) इस प्रकार कितनी मात्रा मे और कितने मल्य का सोना बरामद किया गया ?

वित्त मत्रालय मेराज्य मंत्री (श्री के० आर० गणश) (क) दिल्ली मे पिछले पाच महीनो (अक्तूबर, 1972 से फरवरी 1973 तक) मे पकडे गये तस्करी के माल का कुल मल्य भारतीय बाजार दर पर लगभग 6 7 लाख रुपये है ।

(ख) इस सम्बन्ध मे 15 व्यक्तियो को गिरफ्तार किया गया था ।

(ग) पकडे गये माल मे 3821 ग्राम सोना शामिल है जिसका भारतीय बाजार दर पर मृल्य लगभग 99,200/– रुपये है ।

कलकत्ता में पकड़ा गया तस्करी का माल

4345. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या वित्त मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) विगत पाच महीनो में कलकत्ता से कितने भारतीय रुपये के मूल्य का तस्करी का माल पकडा गया ,

(ख) इस संबध में कितने व्यक्ति बदी बनाये गये; और

(ग) पकडे गये माल में सोने की मात्रा तथा मूल्य कितन. था ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मत्री (श्री के० आर० गणेश) · (क) फरवरी, 1973 को समाप्त होने वाले पिछले पाच महीनों में, कलकत्ता मे पकडे गए तस्करी के माल का भारतीय मुद्रा मे मूल्य 58 लाख रुपये है ।

(ख) इस सबध मे 25 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए थे ।

(ग) उपर्युक्त अवधि मे 19.5 किलोग्राम सोना तथा 69 अशर्फिया पकडी गई, जिनका भारतीय बाजार दर पर मूल्य 5 लाख रुपये है ।

मलयेशिया से वस्तुओं का आयात

4346. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या वाणिज्य मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) 1970–71, 1971–72 के वित्तीय वर्षो मे मलयेशिया से कितने मूल्य की वस्तुओ का आयात किया गया ;

(ख) आयातित वस्तुए कौन कौन सी है; और

(ग) वर्ष 1972–73 में कितने मूल्य की वस्तुओ का आयात किया जा रहा है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री ए० सी० जार्ज) : (क) क्रमश: 576 लाख रुपये तथा 384 लाख रुपये ।